# अभिलेखीय अध्ययन पीठ

# राष्ट्रीय अभिलेखागार

## प्रवेश सूचना

## आर्काइव्स एवं रिकॉर्ड मैनेजमेंट में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स, सत्र (2025-26)

**अवधि : 03 नवम्बर 2025 से 30 अक्तूबर 2026.**

**उद्देश्य :** अभिलेखीय अध्ययन के विभिन्न विषयों जैसे- अभिलेख प्रबंधन, संरक्षण, रेप्रोग्राफी तथा सूचना विज्ञान आदि में अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित करना तथा अभिलेख विज्ञान के क्षेत्र में उच्च सक्षम पेशेवरों का सृजन करना.

**योग्यता :** किसी भी मान्याताप्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में, न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि, एक वैकल्पिक विषय के तौर पर आधुनिक भारतीय **इतिहास** (1750 ई. के बाद) का अध्ययन.

**अथवा**

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञान के किसी अन्य विषय जैसे-मानव विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, भाषा विज्ञान आदि एवं अन्य संकायों में न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर.

**अथवा**

किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान में न्यूनतम 50% अंकों के साथ विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर.

कुल 30 सीटों में से 10 सीटें इतिहास स्नातकोत्तर के लिए आरक्षित हैं तथा 10 सीटें विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा अन्य संकायों में स्नातकोत्तर के लिए और 10 सीटें प्रायोजित प्रत्याशियों के लिए आरक्षित हैं.

**आरक्षण :**

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजातियों/ अन्य पिछड़ा वर्ग व दिव्यांग वर्ग के लिए सीटें सरकारी प्रतिमानकों के अनुसार आरक्षित हैं.

**आयु सीमा :** निजी अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम 30 वर्ष तथा प्रायोजित अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम 50 वर्ष.

**चयन :**

निजी अभ्यर्थियों के लिए 20 सीटों पर चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर होगा - चयन पूर्ण रूप से मेरिट के आधार पर होगा . प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं है. उनका चयन पूर्णतया प्रायोजक कार्यालय / विभाग तथा चयन समिति की संस्तुति के आधार पर होगा.

**छात्रवृत्ति :** निजी अभ्यर्थियों के लिए पूर्णतया मेरिट के आधार पर 3000/- रुपये प्रतिमाह की 10 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है. प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए 1500/- रुपये प्रतिमाह के 06 वृत्तियां प्रदान किया जाएगा.

**पंजीकरण शुल्क :** भारतीय एवं सार्क देशो के निजी एवं प्रायोजित अभ्यर्थी 100/- रुपये (सौ रुपये मात्र ) तथा विदेशी अभ्यर्थी $ 40 अमरीकी डॉलर का शुल्क जमा करें. शुल्क रेखांकित भारतीय पोस्टल ऑर्डर / बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जो **"महानिदेशक, राष्ट्रीय अभिलेखागार, जनपथ, नई दिल्ली"** को देय हो अथवा रोकड़ खिड़की पर जमा करवा कर रशीद संलग्न करें.

**पाठ्यक्रम शुल्क :** भारतीय एवं सार्क देशों के निजी व प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए 1500/- रुपये (एक हजार पांच सौ रुपये मात्र) तथा विदेशी अभ्यर्थियों के लिए $ 500 (500 अमरीकी डॉलर) अप्रतिदेय शुल्क प्रवेश के समय देय होगा.

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 15 जुलाई 2025.**

**आवास व भोजन की व्यवस्था :** अध्ययन पीठ में ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है.

**आवेदन प्रक्रिया :** अभ्यर्थी अपना आवेदन शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य प्रमाण पत्रों की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रतियों के साथ **पंजीकरण शुल्क रशीद / भारतीय पोस्टल ऑर्डर/ बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ महानिदेशक,** राष्ट्रीय अभिलेखागार, जनपथ, नई दिल्ली -110001 के पते पर भेज सकते है अथवा कार्य-दिवस पर कार्यालय में जमा करवा सकते है.

**प्रायोजित अभ्यर्थियों को अपना आवेदन उचित (संबन्धित विभाग के) माध्यम से करना चाहिए.**

**निर्धारित आवेदन का प्रारूप राष्ट्रीय अभिलेखागार की वेबसाइट (national archives.nic.in) से उपशीर्षक 'नया क्या है' के अंतर्गत डाउनलोड किया जा सकता है.**

ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है.

आवेदन प्रपत्र

आर्काइव्स एवं रिकॉर्ड मैनेजमेंट में एक वर्षीय डिप्लोमा

सत्र 2025-2026

स्वयं द्वारा सत्यापित फोटो

1. अभ्यर्थी का नाम :
2. पिता / पति का नाम :
3. आयु व जन्म तिथि :
4. वर्ग : ☐ सामान्य ☐ अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ शारीरिक दिव्यांग
5. वर्तमान पता :
   दूरभाष व ईमेल (अनिवार्य)
6. स्थाई पता :
7. प्रायोजक विभाग का नाम तथा पता-
   (यदि कार्यरत हैं तो)
8. वर्तमान धारित पद :
9. रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर / डिमांड ड्राफ्ट का विवरण :
10. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्रों की सत्यापित फोटो प्रतियां संलग्न करें )

| उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/ विश्व-विद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | श्रेणी | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**दिनांक :** ....................

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**प्रायोजक प्राधिकारी के हस्ताक्षर व मोहर**

**फ़ैक्स / दूरभाष संख्या**

**EN 13/29**